बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

**संOसंO–9/विविध–13–01/2025(स्वाO) ...................../ पटना, दिनांकः–...............................**

डॉ० दिनकर कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सकसोहरा, बेलछी, पटना द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि वे अपनी छोटी मॉ के Adenocarcinoma of Lung कैंसर से पीड़ित होने के कारण दिनांक–02.04.2024 से लगातार कर्त्तव्य पर अनुपस्थित है। चिकित्सक होने के कारण वे अपनी छोटी मॉ के किमो करवाने के कारण कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं हो सके। डॉ० कुमार के द्वारा पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

**2.** डॉ० कुमार द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० कुमार का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

**3.** सिविल सर्जन, पटना को निदेशित किया जाता है कि डॉ० कुमार को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व के पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० कुमार का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**4.** डॉ० दिनकर कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सकसोहरा, बेलछी, पटना के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विहित प्रपत्र में आरोप–पत्र गठित कर उपलब्ध करायी जाय।

**5.** उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वाO) ...................../ पटना, दिनांकः–...............................**

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वाO) ...942(9)/ पटना, दिनांकः–...18.8.25...**

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमण्डल, पटना/सिविल सर्जन, पटना को निदेशित किया जाता है कि डॉ० दिनकर कुमार के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपिः**–डॉ० दिनकर कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सकसोहरा, बेलछी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

उपेन्द्र
18/08/2025
सरकार के अवर सचिव।